**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 27.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **देशभर में आज से बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान शुरू–प्रदेश के जिलों में भी जागरूकता कार्यक्रम।**
- **रेलवे ने हाई स्पीड ट्रेन्स की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू किया।**
- **एसओजी ने डमी कैंडिडेट के जरिये परीक्षा पास करने के मामले में आज 4 लोगों को गिरफ्तार किया।**
- **केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से जयपुर में 29 नवम्बर से आदि महोत्सव आयोजित किया जायेगा।**

000

देशभर में आज से बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान शुरु किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा।

.................

उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल 10 और 15 दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह की घटनाओं को दर्ज कराने के अभियान के लिए विकसित किया गया है। दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में जयपुर सहित 7 जिलों से नामित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रदेश के जिलों में भी महिला और बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में उपस्थित लोग दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से ऑन लाइन जुड़े। इसके साथ ही जिलों में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिये शपथ के कार्यक्रम हुए। सवाईमाधोपुर में अभियान के तहत जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलवाई गई। इसी तरह बारां जिले की कलमडा ग्राम पंचायत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वहां मौजूद लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। साथ ही लोगों को बाल विवाह की रोकथाम कानून और चाइल्ड हैल्प लाइन की जानकारी दी गई। ब्यावर में जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने अधिकारियों, कार्मिकों और आमजन को बाल विवाह का पूर्णतया रोकथाम सुनिश्चित करने और बाल विवाह नहीं करने देने की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर ने बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के पोस्टर का भी विमोचन किया। यह पोस्टर जिले के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इसी सिलसिले में पाली जिले के सादड़ी में पीएम श्री बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

0000

केन्द्र सरकार ने आज लोकसभा को सूचित किया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश में 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला है। सदन में एक लिखित उत्तर में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन बंभानिया ने बताया कि अगले पांच वर्षों के लिए योजना को जारी रखने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि गरीब लाभार्थियों के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मुफ्त खाद्यान्न वितरण की अवधि जनवरी, 2024 से आगे पांच साल के लिए बढ़ा दी गई है।

000

रेलवे ने हाई स्पीड ट्रेन्स की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू कर दिया है। आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के साथ मिलकर हाई स्पीड ट्रेन सेट की डिजाइनिंग और निर्माण कर रही है। इस ट्रेन की स्पीड 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी निर्माण लागत लगभग 28 करोड़ रुपये प्रति कोच है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की गति को कम करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

000

दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज जयपुर में स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उनहोंने शहर की स्वच्छता, कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियों को शीघ्रता से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

पुलिस के विशेष जांच दल–एसओजी ने आज डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने के मामले में एक लेक्चरर और तीन शारीरिक शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। इन चारों के खिलाफ एसओजी को वॉट्सऐप हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत मिली थी।

एसओजी ने इन पर नजर रखते हुए इनके दस्तावेजों की जानकारी जांच में फर्जी तरीके से पीटीआई बनने वाले 3 आरोपियों की बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की डिग्री भी फर्जी निकली। इसके बाद बाड़मेर और सांचौर की अलग–अलग लोकेशन से इन चारों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 7 दिन के रिमाण्ड पर लिया गया है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि ये कार्रवाई राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) ग्रेड सैकंड–2022 भर्ती परीक्षा और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2022 के मामले में की गई है।

000

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ ट्राइफेड की ओर से जयपुर में 29 नवम्बर से आदि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। दस दिन का ये महोत्सव जनजातीय गौरव दिवस वर्ष 2024 के उपलक्ष में हो रहा है। इसका उद्घाटन शिल्पग्राम जवाहर कला केन्द्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा किया जाएगा। आदि महोत्सव जनजातीय उद्यमिता, संस्कृति, शिल्प, व्यंजन, वाणिज्य और पारंपरिक कला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस महोत्सव में हर शाम जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगें। इस महोत्सव में राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ, उत्तराखण्ड तथा पूर्वोत्तर राज्यों के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार भाग लेंगे। महोत्सव में 120 स्टॉल्स के माध्यम से जनजातीय शिल्पकारों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा।

000

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज प्रख्यात फिल्म निर्देशक तपन सिन्हा की फिल्म यात्रा पर विशेष कार्यक्रम द स्पेमक्ट्रम एंड द सोल आयोजित किया गया। अर्जुन चक्रवर्ती, एन मनु चक्रवर्ती तथा जानीमानी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की सदस्यता वाले एक प्रतिष्ठित समूह ने तपन सिन्हाा की अतुलनीय निर्देशन कला पर अपने विचार रखे। आकाशवाणी से बातचीत में अर्जुन चक्रवती ने बताया कि तपन सिन्हा ने 48 फिल्मों का निर्देशन किया लेकिन किसी भी फिल्म में विषय और शैली को नहीं दोहराया। इससे पहले जानेमाने फिल्मकार आशुतोष गोवारिकर की अध्यक्षता वाले अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता निर्णायक मंडल ने इस वर्ष प्रतियोगिता वर्ग में आई फिल्मों के बारे में अपने विचार साझा किए।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 1 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाएगा। ये परीक्षा शहर के 130 केन्द्रों पर होगी। परीक्षा में कुल 2 लाख 60 हजार 163 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की ग ई है। नियंत्रण कक्ष का फोन नम्बर 0141–2206699 है।

000

कोटपूतली–बहरोड जिले के पावटा में आज महिला और बाल विकास विभाग द्वारा पोषण की पढाई की थीम पर विशेषप्रतिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत पावटा उपखण्ड में तीन दिन के प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के कुपोषण से बचाव, शाला पूर्व गतिविधियों, खेल–खेल में पोषण और पढाई की समझा तथा आसपास की उपलब्ध सामग्री का सर्वोत्तम उपयोग, अध्ययन और नवाचार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

000

भरतपुर के केवलादेव घना राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य में सड़कों में सुधार के लिए 3 करोड़ 75 लाख रुपए वन विभाग द्वारा मंजूर किए गए हैं। उद्यान के प्रवेश द्वार से अघापुर तक करीब 7 किलोमीटर की सड़क का डामरीकरण, इंटरलॉकिंग और मरम्मत का काम शुरू किया गया है। सड़कों के सुधरने से पर्यटकों के आवागमन में सहूलियत होगी।

000

भीलवाडा जिले के गंगापुर क्षेत्र में आज बजरी से भरे ट्रेक्टर ने बाइक सवार दम्पति को कुचल दिया। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही गंगापुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

000

हनुमानगढ़ जिले में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने 25 बेड के नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना के लिए इच्छुक स्वयं सेवी संस्थाओं से आवेदन मांगे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पुनिया ने बताया कि यह नशा मुक्ति केंद्र हनुमानगढ़ जिले सहित 9 अन्य जिलों में भी स्थापित किए जाएंगे। स्वयं सेवी संस्थाएं अपना प्रस्ताव सामाजिक न्याय और अधिकारिता कार्यालय में शुक्रवार 29 नवम्बर तक पेश कर सकते हैं।

000

जयपुर में आज रसद विभाग के प्रवर्तन जांच दल ने सांगानेर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रसोई गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण और अवैध रीफिलिंग का पर्दाफाश किया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि प्रवर्तन दल ने मौके से 2 मोटर और 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। उन्होंने बताया कि टीम ने नाटाणीवाला में एक मकान में छापा मारकर कार्रवाई की।

000

राष्ट्रीय साइबर रेंज–एनसीआर के पहले चरण का आज नई दिल्लीं में शुभारंभ किया गया। इस प्लेटफॉर्म से साइबर खतरों के खिलाफ परीक्षण और प्रशिक्षण मिलेगा। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के निदेशक कर्नल निधिश भटनागर ने एनसीआर के पहले चरण का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे में देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

000